**SET 1**

Unique Paper Code: **52417503**

Name of the Paper: **BC-5.1 (C) Auditing and Corporate Governance**

Name of the Course: **B. Com (Prog)**

Semester: **V**

Duration: **3 hours**

Maximum Marks: **75**

**Instructions for Candidates**

**Note:** Answers may be written *either* in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**Attempt any four questions.**

***All* questions carry equal marks.**

Q1. There has been a difference of opinion over the question of ownership of working papers custody. What makes this document so important and controversial? Give the legal, professional and your own perspective regarding this. Also explain the auditing procedure involved at this stage of handling Audit Notebook and related documents.

Q2. In countries in which there is concentrated ownership of equity and there are large dominant shareholders, they control the managers and expropriate minority shareholders in order to gain private control benefits. The role of regulatory agencies and government to keep the BODs and management in check becomes very important. Explain in detail this peculiar Agency problem of Corporate governance and related critical evaluation in the context of the corporate sector of any one country.

Q3. To ensure transparency and continuous trust and support from all the stakeholders, it is imperative for every organisation to lay down a clear and comprehensive whistle blowing policy. Narrate any one big corporate story of Enron involved with whistle blower's daring act that led to the crumbling of the corporate entity. Has the legislature in this regard made any progress in India in last 10 years?

Q4. Why is it widely believed that corporate failures are largely attributable to shortcomings in corporate governance practices? State & discuss these shortcomings pointwise in the context of only the biggest scams faced by the corporate sector in India and abroad.

Q5. Knowledge about Approaches to ethics give the manager a decision-making perspective and helps them in making morally informed decisions. If true write in detail about the various approaches that managers use to take business decisions involving ethical dilemmas

Q6. Commitment by corporations and businesses towards achieving sustainability in the social, economic and environmental conditions is in furtherance to the pursuit of profitability & many more benefits. Is it true? Discuss in detail. What logics has the corporations to argue against CSR?? Explain.

*सेट 1*

यूनिक पेपर कोड : 52417503

प्रश्नपत्र का नाम : बीसी– 5.1 (सी) लेखा एवं कॉरपोरेट प्रशासन / BC-5.1 (C) Auditing and Corporate Governance

पाठ्यक्रम का नाम : बीकॉम प्रोग्राम

सेमेस्टर : V

अवधि : 3 घंटे

पूर्णांक : 75

*परीक्षार्थियों के लिए दिशा निर्देश : प्रश्नों का उत्तर अंग्रेजी या हिंदी में से किसी भी एक माध्यम में दिया जा सकता है, लेकिन उत्तर पुस्तिका में सिर्फ एक ही माध्यम का इस्तेमाल किया जाना चाहिए।*

*किन्हीं चार प्रश्नों का उत्तर दीजिए।*

*सभी प्रश्नों के अंक बराबर हैं।*

*प्रश्न 1.* वर्किंग पेपर की अमानत (कस्टडी) एवं स्वामित्व के सवाल पर मतभिन्नता की स्थिति है। ऐसी कौन सी चीज है, जो इस इस दस्तावेज को इतना महत्वपूर्ण और विवादास्पद बनाती है? इस संदर्भ में विधिक, पेशेवर और अपना निजी दृष्टिकोण प्रकट कीजिए। साथ ही, लेखा–पुस्तिका और संबंधित दस्तावेजों के संचालन के इस स्तर पर की जानेवाली लेखा प्रक्रिया को भी समझाइए।

*प्रश्न 2.* वैसे देशों में जिनमें इक्विटी का संकेंद्रित स्वामित्व है, और बड़े और प्रभावशाली शेयरधारक हैं, वे प्रबंधकों को नियंत्रित करते हैं और निजी नियंत्रण का लाभ लेने के लिए अल्पमत शेयरधारकों का स्वामित्व ले लेते हैं। ऐसे में बीडीओ (बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स) और प्रबंधन पर अंकुश रखने के लिए विनियामक एजेंसियों और सरकार की भूमिका काफी अहम हो जाती है। किसी एक देश के कॉरपोरेट क्षेत्र के संदर्भ में कॉरपोरेट प्रशासन की इस विशिष्ट एजेंसी समस्या और संबंधित आलोचनात्मक मूल्यांकन को विस्तार में समझाइए।

*प्रश्न 3.* पारदर्शिता और सभी शेयरधारकों का पूर्ण विश्वास और समर्थन हासिल करने के लिए हर संगठन के लिए यह जरूरी है कि वह एक स्पष्ट और समग्र व्हिसिल ब्लोविंग (गुप्त तरीके से सत्य उजागर करने) नीति का निर्माण करे। गुप्त तरीके से सत्य उजागर करने के साहसिक कार्य की एनरॉन की कोई एक बड़ी कॉरपोरेट कहानी लिखिए, जो कंपनी

के चरमराने वजह बनी। क्या इस संदर्भ में बनाये गये कानून ने भारत में पिछले 10 सालों में कोई प्रगति की है?

*प्रश्न 4.* ऐसी व्यापक मान्यता क्यों है कि कॉरपोरेट विफलताएं बहुत हद तक कॉरपोरेट प्रशासन व्यवहारों की कमियों की देन होती हैं। भारत और विदेश के सबसे ब़ड़े कॉरपोरेट घोटालों के संदर्भ में इन कमियों पर बिंदूवार तरीके से चर्चा कीजिए।

*प्रश्न 5.* नैतिकता से संबंधित उपागमों का ज्ञान प्रबंधक को एक निर्णयन संदर्भ देता है और उन्हें नैतिक तौर पर सूचित निर्णय लेने में सहायता करता है। अगर आप इससे सहमत हैं तो नैतिक दुविधाओं से जुड़े कारोबारी निर्णय लेने में प्रबंधको द्वारा अपनाए जानेवाले विभिन्न उपागमों के बारे में विस्तार से लिखिए।

*प्रश्न 6.* निगमों और कारोबारी घरानों द्वारा सामाजिक, आर्थिक एवं पर्यावरणीय स्थितियों की धारणीयता हासिल करने के प्रति संकल्प मुनाफा बढ़ाने के साथ–साथ कई अन्य लाभों को हासिल करने में मदद करता है। क्या यह कथन सत्य है? विस्तार से चर्चा कीजिए। कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) के खिलाफ निगमों का क्या तर्क है? व्याख्या कीजिए।